तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, बुधवार 27 दिसंबर 2023



11 भाजपा की सरकार में किसान समृद्ध होगा : देवलाल



12 देश व धर्म की रक्षा के लिए गुरु गोविंद सिंह के ...



हरिभूमि पाठक पुरस्कार योजना-2023
सामान्य कूपन 27 दिसम्बर 2023
कूपन नं. 16

## खबर संक्षेप

### बड़गांव में गुरू घासीदास जयंती कार्यक्रम आज



**डौंडीलोहारा।** लोकसभा क्षेत्र के सांसद मोहन मंडावी 27 दिसंबर को दोपहर 2 बजे समीप के ग्राम बड़गांव में आयोजित तहसील स्तरीय गुरु घासीदास जयंती समारोह में मुख्यअतिथि के रूप में शामिल होंगे। भाजपा मंडल अध्यक्ष रूपेश सिन्हा ने क्षेत्र के सभी भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।

### शहर में घूम रहा था जिलाबदर बदमाश, गिरफ्तार

**दल्लीराजहरा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश में सत्ता बदलने के साथ ही पुलिस सब सख्त होने लगी है और लगातार कार्रवाई देखने को मिल रही है। इसी तर्ज में दल्ली राजहरा के मिराज खान के खिलाफ छत्तीसगढ़ लोक सुरक्षा अधिनियम 1990 धारा 14 के तहत कार्रवाई की गई है। दल्लीराजहरा पुलिस ने आरोपी मोहम्मद मिराज खान पर धारा 14 छत्तीसगढ़ लोक सुरक्षा अधिनियम 1990 के तहत कार्रवाई की है। आरोपी मोहम्मद मिराज पर विगत कई माह पूर्व जिला बदर की कार्रवाई जिला दंडाधिकारी बालोद के द्वारा की गई थी, जिसका उल्लंघन कर मिराज को शहर में घूमते फिरते पाए जाने पर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में पेश किया गया।

### तहसील साहू संघ गुरूर की बैठक आज

**गुरूर।** तहसील साहू संघ गुरूर की कार्यकारिणी व न्याय प्रकोष्ठ की बैठक 27 दिसम्बर को सुबह 11 बजे तहसील साहू सदन कोलिहामार (गुरूर) सभागार में रखी गई है। तहसील अध्यक्ष महेंद्र साहू ने समस्त पदाधिकारी से बैठक में उपस्थित होने की अपील की है।

### जिले में प्रस्तावित विकसित भारत संकल्प यात्रा स्थगित

**बालोद।** विकसित भारत संकल्प यात्रा का बालोद जिले के 08 नगरीय निकाय क्षेत्रों में 27 से 31 दिसंबर तक के प्रवास कार्यक्रमों को अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है। नगर पालिका परिषद बालोद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुनील अग्रहरि ने बताया कि 27 दिसंबर को सुबह 08 बजे से दोपहर 12 बजे तक बालोद नगर पालिका तथा दोपहर 02 से शाम 05 बजे तक बुंदेली नगर पंचायत गुंडरदेही में विकसित भारत संकल्प यात्र का कार्यक्रम आयोजित किया जाना प्रस्तावित था। इसी प्रकार जिले के शेष 06 नगरीय निकायों में भी 31 दिसंबर तक लगातार कार्यक्रम आयोजन की तिथि निर्धारित की गई थी। श्री अग्रहरि ने बताया कि राज्य शहरी विकास अभिकरण ने अपरिहार्य कारणों से बालोद जिले के 08 नगरीय निकायों में आयोजित कार्यक्रमों को आगामी आदेश पर्यंत स्थगित किया गया है। उन्होंने बताया कि बालोद जिले के आठ नगरीय निकाय क्षेत्रों में इस संबंध में आदेश जारी होने के उपरांत शीघ्र ही विकसित भारत संकल्प यात्रा के 09 कार्यक्रम में आयोजित किए जाएंगे। इनमें दल्ली राजहरा नगर पालिका में 02 तथा शेष 07 नगरीय निकाय में एक–एक कार्यक्रम आयोजित किया जाना प्रस्तावित है।

# शहर में 30 को निकाली जाएगी अक्षत कलश यात्रा, तैयारियों को दिया जा रहा अंतिम रूप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

22 जनवरी को अयोध्या नगर में बने नए राममंदिर में प्रभु श्री रामजी गर्भगृह में विराजमान होंगे। इस पल को ऐतिहासिक बनाने के लिए बालोद जिला में तैयारी आयोजन को लेकर रामजन्मभूमि तीर्थ घर घर संपर्क आयोजन के जिला संयोजक हेमंत गजेंद्र व जिला सह संयोजक बलराम गुप्ता लगातार प्रखंडों में दौरा कर बैठक ले रहे हैं। वहीं, कार्यक्रम को अंतिम रूप दे रहे हैं। इसी क्रम में बालोद जिला के 5 प्रखंड व 2 नगर केंद्रों को अक्षत कलश का वितरण कर दिया गया है। वही अयोध्या नगर से प्रभु श्री राम जी का फोटो व आमंत्रण भी जिला को प्राप्त हो गया है। जिसका वितरण प्रारंभ हो गया है। बालोद जिला में आयोजन के

## 22 जनवरी को श्री राम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को ऐतिहासिक बनाने की तैयारी



### बालोद शहर में रहेगा रामभक्तों का मेला

कलश यात्रा आयोजन के लिए काम कर रहे प्रीति देशमुख, विमल राखेचा, मुरली साहू, विनोद जैन, कादम्बिनी यादव, पद्मिनी साहू, पूजा जैन, दीपक देवांगन सुनील यादव, कमलेश सोनी, रमेश मालेकर, बोधन भट्ट, धीरज चोपड़ा, अजय यादव, उमेश सेन, मोनू सोनवानी, ममता यदु, मंजू श्रीवास लगातार बैठक कर जागरण कर रहे हैं। वहीं, आयोजन को भव्य स्वरूप देने के लिए ढोल ताशों व नृत्य के साथ आकर्षक झांकी व राम, सीता, लक्ष्मण की प्रतिमूर्ति भी साथ रहेगा। वहीं, जिला भर की महिलाएं व रामायण मंडली भी राम की लीला का बखान करेंगे।

जिला सह संयोजक बलराम गुप्ता ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा आयोजन के पूर्व पूरे जिले में हिन्दू धर्म समाज में बहुत उमंग व्याप्त है। महिला बहनें व समस्त हिन्दू धर्मसेवक बहुत ही उत्साहित हैं। अक्षत कलश वितरण के बाद जिस प्रकार से नगर व गांवों में दर्शन व स्वागत हो रहा है, जो अभूतपूर्व है। जिले में 30 दिसम्बर को बालोद शहर में कलश यात्रा निकाली जाएगी। इसके लिए बालोद शहर के सभी हिन्दू संगठन, मन्दिर समिति व महिला समिति वार्डों में तैयारी कर रहे हैं। जिला मंत्री राज सोनी, संजय शर्मा, हरीश दहिया, रोहणी साहू, भारती बांडे ने कहा कि शहरवासी अपने प्रभु श्री राम जी के नए मन्दिर में विराजमान होने पर बहुत ही हर्षित व गर्वित है और सनातन धर्मप्रेमी भाई बहन इस अवसर को यादगार बनाने हरसंभव काम कर रहे हैं।

सरोकार : ग्राम पंचायत, जनपद, जिला पंचायत के बाद कलेक्टोरेट पहुंच रहे लोग

# नई सरकार गठन के बाद बढ़ी उम्मीद, पीएम आवास के लिए जनदर्शन पहुंच रहे हितग्राही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

प्रदेश में नई सरकार के गठन के बाद से जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना का क्रियान्वयन एक बार फिर से जमीनी स्तर पर दिखने लगा है। आज भी जिले के हजारों ग्रामीण इस योजना से वंचित हैं, जिन्हें उम्मीद है कि उनका भी आवास बनेगा, इसीलिए लोग इस योजना का लाभ पाने ग्राम पंचायतों से लेकर जनपद, जिला पंचायत तथा कलेक्टर तक आवेदन सौंप रहे हैं। ग्राम सभा से लेकर जनदर्शन में भी लोग योजना का लाभ पाने की आस में आवेदन सौंपने पहुंचे।

दरअसल प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ पाने हितग्राहियों का नाम साल 2016 में बनाई गई स्थाई प्रतिक्षा सूची व साल 2018 में बनाई गई आवास प्लस सूची में नाम होना चाहिए। हालांकि कांग्रेस की सरकार में केवल स्थाई प्रतीक्षा सूची में नाम होने वाले हितग्राहियों को लाभ दिया जा रहा था जबकि भाजपा की सरकार आते ही इन



दोनों सूचियों में से किसी एक सूची पर हितग्राही का नाम होगा तो उसे पीएम आवास योजना का लाभ मिलेगा। जानकारी के अनुसार पीएम आवास योजना के तहत जिले में स्थाई प्रतीक्षा सूची में 43 हजार 573 हितग्राहियों का नाम है, जिनमें से 32 हजार 394 हितग्राहियों को स्वीकृत कर दिया गया है। वहीं, आवास प्लस सूची में 15 हजार 250 हितग्राहियों का नाम है, जिन्हें शासन के निर्देश के बाद ही स्वीकृत किया जाएगा।

### लोगों में असमंजस, जिम्मेदार विभाग करते हैं तत्काल निराकरण

प्रत्येक मंगलवार को कलेक्टोरेट परिसर में जनदर्शन आयोजित होता है जिसमें जिले भर के कोने कोने से लोग विभिन्न समस्याओं को लेकर आते हैं। इनमें से सबसे ज्यादा समस्या पीएम आवास योजना से वंचित लोग होते हैं। जो ग्राम पंचायत से लेकर जनपद पंचायत तक चक्कर लगाने के बाद कलेक्टर के समक्ष पहुंचते हैं। हालांकि कलेक्टर तक आवेदन देने पहुंचने से पहले ही जिम्मेदार विभाग की टीम आवेदनकर्ताओं की आधे से ज्यादा समस्या को वहीं दूर कर देते हैं और उनके असमंजस की स्थिति को भी दूर कर देते हैं। विभाग द्वारा आवेदन की जांच कर तत्काल योजना का पात्र है या अपात्र दोनों ही मामले सुलझा लेते हैं।

# अवैध कब्जे का आरोप जनदर्शन पहुंचे ग्रामीण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के डौण्डी ब्लॉक मुख्यालय अंतर्गत स्थित ग्राम पथराटोला के ग्रामीणों ने मानपुर चौक सीमा से लगे ग्राम खम्हारटोला के दो ग्रामीणों द्वारा अवैध कब्जा करने का आरोप लगाते हुए जनदर्शन के माध्यम से कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि ग्राम पथराटोला में विरोध के बावजूद भी अवैध निर्माण किया जा रहा है। जिसकी शिकायत पूर्व में राजस्व विभाग से की गई थी, लेकिन राजस्व विभाग द्वारा मामले में कोई भी कार्रवाई नहीं की गई। इसके कारण अवैध कब्जा कर निर्माण कार्य प्रारम्भ हो चुका है। ग्रामीण मनोज रावटे, सरपंच विमल कोमा ने बताया कि पड़ोसी ग्राम खम्हारटोला के दो व्यक्तियों द्वारा जमीन पर कब्जा किया गया है। उनमें से एक व्यक्ति द्वारा जमीन पर अवैध कब्जा कर मकान निर्माण किया जा चुका है, तो वहीं दूसरे व्यक्ति के द्वारा अवैध कब्जा कर बाउंड्रीवाल का निर्माण किया गया है। उन्होंने बताया कि इसकी शिकायत पूर्व में राजस्व विभाग को पंचायत के माध्यम से की गई थी। लेकिन, प्रशासन द्वारा कार्रवाई नहीं करने पर मकान निर्माण कर अवैध कब्जा किया जा रहा है।

वहीं, अब अवैध जमीन कब्जा मामले में कलेक्टर से शिकायत कर निर्माण कार्य पर रोक लगाने के साथ ही अवैध निर्माण हटाने की माँग ग्रामीणों द्वारा की गई है।

# भू-स्वामित्व के लिए पट्टे की मांग ग्रामीणों ने सीईओ को दिया आवेदन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भू–स्वामित्व पट्टा की मांग करने ग्रामीणों ने जनदर्शन में जिला पंचायत सीईओ को आवेदन सौंपा है। जिले के अर्जुन्दा तहसील अंतर्गत ग्राम देवगहन से दर्जन भर से अधिक ग्रामीण मंगलवार को आयोजित जनदर्शन में पहुंचे, जहां उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि गांव के ही भूपेंद्र साहू पिता स्व देवनारायण साहू जो कि खसरा क्रमांक 610 में तालाब किनारे निवासरत हैं। उक्त मकान बाड़ी लगभग 7.50 डिसीमल को ग्राम मटिया अ निवासी नारायण चौधरी पिता देवीसिंग से क्रय किया गया था, किन्तु उक्त जमीन घासमद में दर्ज है। वर्तमान में उक्त भूमि पर अहाता निर्माण के लिए विधायक निधि से 04 लाख रुपये की स्वीकृति हुई है। भूपेन्द्र साहू द्वारा ग्राम हित में अपने अतिरिक्त कब्जा भूमि को अहाता निर्माण के लिए छोड़ा गया है। ग्रामीणों ने एकजुट होकर गांव के ही भूपेन्द्र साहू पिता स्व रूपनारायण को वर्तमान में निवासरत भूमि मकान बाड़ी लगभग 2330 वर्गफीट भूमि को मुख्यमंत्री स्वामित्व योजना अंतर्गत आवासीय पट्टा बनाकर देने की मांग की है ताकि भूपेन्द्र साहू एवं परिवार को शासन की योजना का लाभ प्राप्त हो सके।

आवागमन में हो रही समस्या

# बुधवारी बाजार में सब्जी मंडी के पास वाहनों की कतार, यातायात बाधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला मुख्यालय के बुधवारी बाजार में स्थित सब्जी मंडी के पास रोजाना सुबह से दोपहर तक सड़क पर वाहनों की कतार लग जाती है। इसके कारण शहरवासियों को आवागमन करने में बाधा उत्पन्न होती है। यह स्थिति रोजाना सब्जी मंडी के पास देखने को मिलती है।

दरअसल बुधवारी बाजार में सब्जी मंडी संचालित है, जहां सब्जी के थोक विक्रेता अन्य जिलों से भारी भरकम वाहनों के माध्यम से सब्जी खरीद कर यहां लाते हैं। वहीं, फुटकर व्यापारी इसे खरीदने सुबह से ही अपने छोटे बड़े वाहनों को लेकर सब्जी मंडी पहुंच जाते हैं। सब्जी मंडी के आसपास वाहनों के कतार लगे होने के कारण लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। वहीं, कई बड़े वाहन चालक लापरवाही भी ऐसे करते हैं जिससे विवाद की स्थिति निर्मित हो जाती है। गांधी भवन से हीरापुर मार्ग में सुबह से दोपहर तक वाहन सड़क पर कहीं भी खड़े कर दिए जाते हैं, इससे आम जनता को परेशानी होती है। वहीं, सब्जी मंडी के आसपास निवासरत लोगों को इसका सबसे ज्यादा खामियाजा भुगतना पड़ता है।



### सड़क पर लगता है जाम, यातायात पुलिस मौन, नगर पालिका उदासीन

यातायात पुलिस सड़कों पर छोटे वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई कर भले ही सुर्खियों में रहती है, लेकिन शहर के भीतर यातायात बदहाल स्थिति को देखने जरा भी समय नहीं है। लगातार शिकायतें सामने आने के बाद और खबर के माध्यम से जानकारी होने के बाद भी शहर के भीतर खासकर इन व्यस्ततम इलाकों में यातायात व्यवस्था को सुधारने यातायात पुलिस द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। वहीं, नगरपालिका पर व्यवस्था करने की जवाबदारी है वह इस ओर उदासीन है। जिसका नतीजा आमजनता को ट्रैफिक जाम से गुजरना पड़ रहा है। सब्जी मंडी में सुबह से दोपहर तक यातायात बदहाल रहता है, शाम होते ही फुटकर व्यपारियो का पसरा लगने के बाद आवागमन में बाधा उत्पन्न होता है।

### सड़ी-गली सब्जियां सड़क पर छोड़ देते हैं व्यापारी

सुबह से ही थोक व्यापारी भारी मात्रा में सब्जी की बिक्री फुटकर व्यापारियों को करते हैं। इस दौरान कई सब्जियां सड़ी-गली होने तथा खराब हो जाने के कारण उसे सब्जी मंडी के पास ही खुले जगह के छोड़ दिया जाता है, जो घुमंतू पशुओं के लिए भोजन का काम आता है। लेकिन, पशुओं का झुंड अधिक होने के कारण आसपास गंदगी फैल जाती है, वहीं यातायात व्यवस्था भी चरमरा जाती है। ऐसे में सब्जी मंडी के आसपास सफाई व्यवस्था और यातायात व्यवस्था को सुधारने की सख्त जरूरत है।

नगर पंचायत गुरूर में 15 में से केवल 4 पार्षद हुए शामिल

# व्यवस्था पर उठे सवाल, आयोजन रहा फीका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

प्रदेश में सरकार बदल गई लेकिन अधिकारियों की मानसिकता नहीं बदली। प्रदेश सरकार के निर्देश के बाद भी नगर पंचायत गुरूर में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपाई के प्रति उपेक्षा बरकरार रही।

प्रदेश सरकार के निर्देश के बाद नगर पंचायत में सुशासन दिवस जरूर मनाया गया, लेकिन कार्यक्रम औपचारिकता में निपट गया। 15 में से मात्र 4 पार्षद ही कार्यक्रम में पहुंचे। पार्षद क्यों नहीं आए, यह चर्चा का विषय है। पार्षदों को बुलाया नहीं गया या उन्हें समय पर सूचना नहीं मिली, यह जांच का विषय हो सकता है। कार्यक्रम में नरगवासियों की भी उपस्थिति नहीं थी। गिनती के कर्मचारी उपस्थित हुए। नगर पंचायत में शासन के




आदेश के बाद भी अटल बिहारी वायपायी की कविता पाठ करने एवं संगोष्ठी का आयोजन नहीं किया गया। 25 दिसंबर को कार्यक्रम के दौरान सुबह सूचना दी गई थी कि शाम को अटल जी की कविता का पाठ किया जाएगा एवं संगोष्ठी होगी, लेकिन यह कार्यक्रम नहीं हुआ।

### नेता प्रतिपक्ष ने लगाया आरोप, शाम को गोष्ठी थी, पर कोई नहीं मिला

नेता प्रतिपक्ष नगर पंचायत गुरूर व भाजपा नेता चिन्ता राम साहू ने कहा कि नगर पंचायत में सुशासन दिवस के सुबह कार्यक्रम में भी अव्यवस्था थी। कार्यक्रम के दौरान हमें बताया गया कि शाम को कविता पाठ एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया है। हम शाम को नगर पंचायत पहुंचे, लेकिन वहां कोई नहीं मिला। वहीं, हम सूचना मिलने का इंतजार करते रहे, लेकिन हमें कार्यक्रम के होने की जानकारी नहीं मिली। चिन्ताराम ने कहा कि सरकार बदल गई है, अधिकारी अपनी मानसिकता बदल लें एवं प्रदेश सरकार के निर्देशों का अक्षरशः पालन करें। शासन के आदेश में लापरवाही एवं उपेक्षा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। चिन्ता राम ने कहा कि मैने तुरंत इसकी शिकायत जेडी दुर्ग को मोबाईल के माध्यम से देकर कार्रवाई की मांग की है।

### जनवरी में किया जाएगा प्लेसमेंट कैंप का आयोजन

**बालोद।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र बालोद द्वारा जिले के विभिन्न विकासखण्डों में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी बालोद ने बताया कि इसके अंतर्गत जनपद पंचायत डौण्डी में 03 जनवरी, जनपद पंचायत गुण्डरदेही में 04 जनवरी, जनपद पंचायत डौण्डीलोहारा में 05 जनवरी एवं रोजगार कार्यालय बालोद में 08 जनवरी को प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने आवेदकों को निर्धारित तिथि एवं स्थल में आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होने को कहा है।

हरिभूमि पाठक सूचना
बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप



### तिलखैरी में पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी की जयंती मनाई गई

**अंडा।** विकासखंड गुण्डरदेही के ग्राम पंचायत तिलखैरी में पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी जयंती मनाई गई। इस अवसर पर सरपंच मीना ठाकुर, उपसरपंच राजेश साहू, पंच केदार देशमुख, लेवन, सचिव प्रीतम देशमुख, लीलाधर साहू रमेश, देवलाल, नाथू ठाकुर, ननकुराम एवं समस्त सम्मानित ग्रामवासी तिलखैरी उपस्थित रहे।

### देवरी द में मनाया गया सुशासन दिवस



**अंडा।** ग्राम देवरी द पुराना पारा में अटल चौक में छत्तीसगढ़ राज्य निर्माता भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के रुप में मनाई गई। उक्त अवसर पर श्री वाजपेयी के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना कर सुशासन की शपथ ली गई। इस अवसर पर गवीन्द्र साहू, अध्यक्ष भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा अर्जुन्दा, इन्द्रकुमार बनपेला, योगेश्वर साहू, कुलेश्वर साहू, जितेंद्र साहू, रुपेन्द्र साहू, सीताराम साहू, सोहन लाल, मनीष चंद्र, एश्वर्य कुमार, कमल साहू, सुखीत पटेल, मयंक साहू एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### पांगरी में मना सुशासन दिवस



**गुण्डरदेही।** ग्राम पंचायत पांगरी में भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने भारतीय राजनीति के शिखर पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की जन्म जयंती को सुशासन दिवस में मनाया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री उज्जवला गैस योजना के अंतर्गत 11 हितग्राहियों को निःशुल्क गैस सिलेंडर वितरण किया गया। इस अवसर पर बुथ अध्यक्ष कामदेव चंदेल, जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा प्रमोद पटेल, मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा श्रीकांत वर्मा, सरपंच प्रतिनिधि नेमलाल यादव, हेमंत, नागेश, लोकेश चंद्राकर, हरी सिंह मौर्य, धनेश्वर पटेल, भोला ठाकुर, ललित सेन, अर्जुन बंजारे, देनू यादव, गौतम धनकर, शंकर ठाकुर सहित भाजपा के अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## निधन

### विश्वनाथ पटेल



**गुरूर।** ग्राम कोलिहामार निवासी विश्वनाथ पटेल 40 वर्ष का सोमवार को निधन हो गया। वे जनपद पंचायत गुरूर में पदस्थ थे। वे डिलेश पटेल के छोटे भाई थे। अन्तिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।

# गांवों में रोजगार गारंटी की तैयारी, अभी से सुखाए जाने लगे तालाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के उन क्षेत्रों मे जहां रबी फसल नहीं ली जाती वहां गर्मी के मौसम में रोजगार गारंटी के तहत ग्रामीणों को रोजगार प्रदान करने के लिए तालाबों को सुखाकर तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं।

जिले के अधिकांश क्षेत्रों में खरीफ फसल तो ली जाती है लेकिन रबी फसल के लिए पानी की उपलब्धता नहीं होने के कारण लोग रबी की फसल नहीं लेते हैं। जिसके कारण लोगों को रोजगार के लिए दूसरे राज्यों में कमाने तक जाना पड़ जाता है। जहां कई दिक्कतों का सामना लोगों को करना पड़ता है। ग्रीष्म ऋतु में आय का साधन नहीं होने के कारण घर परिवार का एक या दो सदस्य जिसमे बच्चे होते हैं, जिन्हें शासकीय उचित मूल्य की दुकान से प्राप्त होने वाले चावल या अन्य शासकीय योजनाओ की लाभ लेने या घर की देखभाल करने के लिए घर में ही छोड़ा जाता है और जो चावल शासकीय उचित मूल्य की दुकान से मिलता है उन्हे दूसरे राज्य कमाने गए परिजनो द्वारा समय समय पर लेने के लिए या तीज त्यौहार मे आकर भोजन के लिए ले जाया जाता है या उसे बेचकर बाहर गए परिजनो को पैसा भेज दिया जाता है ताकि उन्हे वहां कोई दिक्कतो का सामना नही करना पड़े।

## जिन क्षेत्रों में रबी फसल नहीं ली जाती, वहां तालाब खाली किए जा रहे

### पलायन से समस्या

दूसरे राज्य काम करने जाने वाले कई लोगो की फंस जाने या घटना दुर्घटना का शिकार हो जाने की खबरे सामने आती ही रहती है ऐसे मे शासन द्वारा लोगो को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराने के लिए रोजगार गारंटी के तहत रोजगार प्रदान किया जा रहा है।



### पलायन रोकने गांवों में ही काम जरूरी

वनांचल क्षेत्रों में अधिकतर लोग रबी की फसल नहीं लेते हैं और वन क्षेत्रों में आय के साधन भी सीमित होते हैं। ऐसे में उन क्षेत्रों के लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन द्वारा खास ध्यान देने की जरूरत भी है, ताकि आय की कमी के कारण लोग दूसरे राज्य जाने को मजबूर न हों। रोजगार उपलब्ध कराने के लिए जिले के ग्रामों में गहरीकरण करने के लिए अभी से तालाबों को सुखाने का काम प्रारंभ हो गया है, ताकि आगे गर्मी में लोगों को रोजगार गारंटी के तहत 100 दिन का रोजगार उपलब्ध कराया जा सके और मजदूरों को रोजगार प्रदान कर आय में बढ़ोतरी की जा सके।

**योजना : शिविर में बनाए जा रहे आयुष्मान कार्ड, मिल रहा रसोई गैस कनेक्शन**

# विकसित भारत संकल्प यात्रा बन रही लोगों को योजनाओं से लाभान्वित करने का बड़ा माध्यम







हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन–जन तक पहुँचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा बालोद जिले के हितग्राहियों को शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं से भी लाभान्वित करने का कारगर माध्यम साबित हो रहा है।

■ प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लिए हितग्राहियों का पंजीयन

इसके अंतर्गत जिले में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविरों में कुल 741 हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड वितरण के अलावा 55 हितग्राहियों को रसोई गैस कनेक्शन प्रदान किया गया। शिविर में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत 25 हितग्राही का नवीन पंजीयन किया गया। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत 75 एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना अंतर्गत 76 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया। केसीसी ऋण स्वीकृत करने के लिए 32 किसानों का आवेदन लिया गया। इस दौरान 'मेरी–कहानी, मेरी–जुबानी' के अंतर्गत हितग्राहियों ने विभिन्न योजनाओं से उन्हें मिले लाभ के संबंध में जानकारी दी।

### बालोद विकासखंड

आज बालोद विकासखण्ड के ग्राम बोरी एवं भेंगारी और डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम सोरली एवं कापसी तथा गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम भरदाखुर्द एवं मोंहदीपाट में विकसित भारत संकल्प यात्रा में शिविर का आयोजन किया गया। ग्राम बोरी में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 193 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरण कर 21 हितग्राहियों का नया आयुष्मान कार्ड बनाया गया। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 12 हितग्राहियों को रसोई गैस कनेक्शन का वितरण किया गया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत 3 हितग्राही का नवीन पंजीयन किया गया। केसीसी ऋण स्वीकृत करने हेतु 3 किसानों का आवेदन लिया गया। इसी तरह ग्राम भेंगारी में आयोजित शिविर में 3 हितग्राहियों का आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत नया आयुष्मान कार्ड बनाया गया। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 3 हितग्राहियों को रसोई गैस कनेक्शन का वितरण किया गया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत 4 हितग्राही का नवीन पंजीयन किया गया। केसीसी ऋण स्वीकृत करने हेतु 4 किसानों का आवेदन लिया गया। विभागीय स्टॉल में अफसरों ने योजनाओं की जानकारी दी। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने आम लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाएं वितरित की।

### डौण्डीलोहारा विकासखण्ड

विकासखण्ड के ग्राम सोरली में आयोजित शिविर में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 153 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरण कर 22 हितग्राहियों का नया आयुष्मान कार्ड बनाया गया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत 4 हितग्राहियों का नवीन पंजीयन किया गया। केसीसी ऋण स्वीकृत करने हेतु 16 किसानों का आवेदन लिया गया। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 13 हितग्राही को रसोई गैस कनेक्शन का वितरण किया गया। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत 28 एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना अंतर्गत 32 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया। ग्राम कापसी में आयोजित शिविर में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 241 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरण कर 11 हितग्राहियों का नया आयुष्मान कार्ड बनाया गया। केसीसी ऋण स्वीकृत करने हेतु 03 किसानों का आवेदन लिया गया। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 7 हितग्राही को रसोई गैस कनेक्शन का वितरण किया गया। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना अंतर्गत 3 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया।

### गुण्डरदेही विकासखण्ड

विकासखण्ड के ग्राम भरदाखुर्द में आयोजित शिविर में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 50 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरण कर 15 हितग्राहियों का नया आयुष्मान कार्ड बनाया गया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत 4 हितग्राहियों का नवीन पंजीयन किया गया। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 6 हितग्राही को रसोई गैस कनेक्शन का वितरण किया गया। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत 25 एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना अंतर्गत 19 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया। ग्राम मोंहदीपाट में आयोजित शिविर में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 20 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरण कर 12 हितग्राहियों का नया आयुष्मान कार्ड बनाया गया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत 10 हितग्राही का नवीन पंजीयन किया गया। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 14 हितग्राही को रसोई गैस कनेक्शन का वितरण किया गया। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत 22 एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना अंतर्गत 22 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया। इसी तरह केसीसी ऋण स्वीकृत करने हेतु 06 किसानों का आवेदन लिया गया।

# भाजपाइयों ने पूर्व प्रधानमंत्री के पार्टी व देश के लिए किए योगदान को किया याद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

भारतीय जनता पार्टी विकासखंड गुण्डरदेही द्वारा कंचादुर में 25 दिसंबर को भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई का जन्मदिन सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। जहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके द्वारा किए गए कार्यों को याद किया गया।

■ भारतीय जनता पार्टी विकासखंड गुण्डरदेही द्वारा कंचादुर में मनाया गया सुशासन दिवस

कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी व पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की तैल चित्र पर पूजा अर्चना कर किया गया। सुशासन दिवस के अवसर पर क्षेत्र के किसानों को राज्य सरकार द्वारा 81 करोड़ 75 लाख 73 हजार रुपए का बोनस वितरण किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से शामिल वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने कहा कि भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में कहा था कि अगर प्रदेश मे भाजपा सरकार बनी तो दो साल का बकाया बोनस राशि दी जाएगी जो आज सरकार बनने के बाद अटल बिहारी वाजपेई के जन्मदिन पर दो साल का बोनस राशि किसानो को वितरण किया जा रहा है। इससे किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर ने अटल बिहारी वाजपेई की जीवनी के बारे में बताया कहा कि जो पौधा भारतीय जनता पार्टी के रूप में उन्होंने लगाया आज वह वटवृक्ष बन चुका है, हमें उनके जीवन से प्रेरणा मिलती है। द कार्यक्रम में पूर्व विधायक विरेन्द्र साहू, पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष लेखराम साहू, जिला पंचायत सदस्य मोंटी यादव, संध्या भारद्वाज, जिला भाजपा उपाध्यक्ष ठाकुर राम चंद्राकर, जनपद सदस्य निर्मला साहू, सरपंच गौरी ठाकुर, चेमन देशमुख, हेमंत साहू, सौरभ चोपड़ा, थानसिंह मंडावी, सालिक देशमुख, संतोष चन्द्राकर, जिला पंचायत सीईओ डां रेणुका श्रीवास्तव, गुण्डरदेही तहसीलदार कोमल धुव्र, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के मैनेजर पटवारी समिति प्रबंधन व बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व किसान उपस्थित थे।

**भनसुली में चंद्राकार के लगाए पेड़ लहलहाने लगे**

# टीकम ने 150 से अधिक पेड़ लगाए और कहा- जब तक तन साथ देगा पर्यावरण बचाने करेंगे कार्य

**जामगांव आर।** नश्वर संसार में जीवनयापन के लिए तो ना जाने क्या क्या कर गुजरना पड़ता है और इसी में आदमी उलझा हुआ है। दुर्लभ मानव जीवन आत्मा को परमात्मा की राह ले जाने के लिए मिला है और इस राह में चलने वालो को परोपकार की ओर मुड़ना चाहिए। इस मूल मंत्र को आत्मसात करते हुए भनसुली आर निवासी 60 प्लस उम्र दाऊ टीकम सिंह चंद्राकर वानप्रस्थ उम्र का ध्यान रखते हुए परलोक पथ एवं फर्ज की चेतना जागृत करते हुए अपने खेतों को रेगहा देते हुए पर्यावरण मित्र बनकर सत्र 2021 से पौधारोपण और देखभाल में जीवन समर्पित कर समाज के सामने एक आदर्श प्रस्तुत कर रहे हैं। उल्लेखनीय है 150 अधिक पेड़ टीकम चंद्राकर लगा चुके है और सतत जारी है। उन्होंने कहा कि जब तक तन साथ देगा मन पर्यावरण प्रेमी बनकर सेवा देता रहेगा। इस लोक में जीवन चल रहा है परलोक के लिए तैयारी प्रारंभ कर दिया गया। पर्यावरण समिति जामगांव आर संरक्षक अंगेश्वर साहू ने कहा कि संकल्पित लोग ही वृक्षारोपण और उसका संरक्षण करने में कामयाब होते है। दाऊ टीकम सिंह चंद्राकर स्वयं के द्वारा अपने हाथो से भनसुली में सैकड़ों पौधा लगाया है। नागरिक सुरक्षा सेवा संगठन दुर्ग जिला महिला विंग अध्यक्ष भारती सोनबेर ने पर्यावरण मित्र दाऊ टीकम सिंह चंद्राकर के पर्यावरण प्रेम को संत साधना की संज्ञा देते हुए वंदन किया।



### ग्राम के मुक्तिधाम तालाब और चारागाह में छाई हरियाली

पर्यावरण मित्र दाऊ टीकम ने 2021 में ग्राम भनसुली के मुक्तिधाम में 10 पीपल 10 बरगद 10 बेल का पौधा रोपण किए और 10 नीम तालाब पार में लगाए। 2022 में तालाब ,डबरी में पीपल बरगद बेल और नीम के 35 पौधा लगाएं। 2023 में पंचायत चारागाह नहर पार तालाब थाना एरिया में उपयुक्त जगह का ध्यान रखते हुए 40 पेड़ आम, 6 करण, 10 आंवला 5 पीपल 5 बरगद 5 चिरई जाम लगा चुके हैं और क्रम जारी है।

# पालीताना के भव्य बरगोड़ा में शामिल हुए जिनेश्वर यात्रा संघ के सदस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

नवागांव वाले सेठ पन्नालाल गोलछा के संघ सौजन्य से पालीताना तीर्थ यात्र में गए 210 गोलछा जिनेश्वर यात्रा संघ सदस्य

■ भक्ति में विभोर होकर झूमे तीर्थयात्री

तीर्थ यात्रा घंटाकर्ण महावीर मालपुरा अजमेर दादा गुरुदेव तीर्थ मंडोली तीर्थ नाकोड़ा तीर्थ का दर्शन वंदन करते हुए पालीताना तीर्थ पहुंचे। पालीताना में सोमवार को आयोजित भव्य बरगोड़ा में शामिल हुए। जिसमें संघपति पन्नालाल गोलछा, भंवरलाल ज्ञानचंद, प्रकाश चंद, धनराज, राकेश गोलछा सहित सभी सदस्य भक्ति में विभोर होकर झूम उठे। संघ में गए सदस्य भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य धर्मनिष्ठ प्रमोद चौरडिया ने बताया कि पन्नालाल गोलछा के प्रताप से आयोजित 210 सदस्यों की यह धर्मयात्रा यादगार बन गई है। सर्वसुविधायुक्त समयबद्ध इस यात्रा में प्रत्येक सदस्य ने भरपूर आनंद लिया। 5 लक्जरी बसों में भक्ति संगीत की सुव्यवस्था से यात्रा का समय पता ही नहीं चला। वंदन दर्शन पूजा करते हुए आदिनाथ दादा के दरबार में आज भव्य बरगोड़ा में शामिल हुए। नागपुर से संघ में पहुंचे योगेश कोचर ने कहा कि हम सभी सदस्यों का सौभाग्य है कि एक साथ सुव्यवस्थित ढंग से यात्रा करने का सुंदर अवसर मिला।



**सभी सदस्यों का सहयोग काबिले तारीफ** : संघपति परिवार से प्रकाशचंद गोलछा ने कहा कि साथ में आए सभी 210 सदस्यों ने जो आत्मीयता प्रदान किए वह काबिले तारीफ है। परिवार की सदस्यों की भांति संघ का प्रत्येक सदस्य अपनी भूमिका में स्वस्फूर्त खरे उतर रहे हैं।

**कृषि उपज मंडी गुरुर में सुशासन दिवस के अवसर पर किया गया राशि का वितरण**

# गुरूर विकासखंड के 30500 किसानों को मिले 43 करोड़ 36 लाख रूपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

विकासखण्ड के 30492 किसानों के खातों में वर्ष 2014–15 एवं 2015–16 के बकाया बोनस की राशि 43,36,55,100 में अंतरित की गई। पूर्व प्रदेश मंत्री राकेश यादव व अन्य अतिथियों ने विकासखंड के 20 समितियां से पहुंचे किसानों को बोनस का प्रमाण पत्र प्रदान किया। कृषि उपज मंडी गुरुर में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के जन्मदिन पर सुशासन दिवस के रूप में धान बोनस राशि वितरण समारोह का आयोजन किया गया था।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व नगर पालिका बालोद अध्यक्ष राकेश यादव, पूर्व नगर पंचायत गुरुर अध्यक्ष नंदकिशोर शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष कौशल साहू, यादराम साहू, महत्तर नेताम, ईशाप्रकाश साहू,



जनपद पंचायत उपाध्यक्ष तोशण साहू, एस कुमार कलिहारी, लखन गुरुपंच, जनार्दन सिन्हा, चंदन सिन्हा, पन्नालाल साहू, राजेश दीवान, राजश्री यादेश्वर, पार्षद कुंती सिन्हा, चंद्रलता साहू, ममता साहू, सविता साहू, हरिओम श्याम, भुवन लाल साहू थे।

राकेश यादव ने कहा किसानों को 2 साल का बोनस दिया जा रहा है। किसानों का 21 क्विंटल धान खरीदी प्रारंभ कर दिया गया है। किसानों को 3100 रुपए क्विंटल देंगे। राकेश यादव ने कहा मोदी जी की गारंटी है सभी पुरी की जाएगी। धैर्य रखें। उन्होंने मंच से कांग्रेस को ललकारा आपने रोजगार का वादा किया था लेकिन 5 साल से नियुक्तियां लटकी रही, हमारी सरकार ने आते ही पुलिस विभाग से भर्ती प्रारम्भ कर दिया है, आगे और भर्तीयां निकलेंगी। कांग्रेस ने युवाओं को बेरोजगारी भत्ता का वादा किया था लेकिन चुनिंदा लोगों को मिला, हमारी सरकार मोदी जी की प्रत्येक गारंटी को पूरा करने कृत संकल्पित है।

राकेश यादव ने कहा कि भाजपा किसानों की हितैषी पार्टी है। भाजपा सरकार के पहले किसानों से कृषि ऋण पर 18 प्रतिशत ब्याज लिया जाता था, भाजपा सरकार ने उसे शून्य किया। भाजपा सरकार में बुजुर्गों को तीर्थ स्थल घुमाने ले जाया जाता था, कांग्रेस ने उसे भी बंद कर दिया। कांग्रेस सरकार में किसान मोटर पंप में कनेक्शन के लिए बिजली विभाग के चक्कर लगाते रहे। किसान, युवा, महिला किसी के साथ अन्याय नहीं होगा, मोदी जी की गारंटी के अनुरूप सभी को न्याय मिलेगा। नंदकिशोर शर्मा ने कहा केंद्र की मोदी सरकार ने जो वादा किया था उसे आज वे पूरा कर दिए, ईशाप्रकाश साहू ने कहा मोदी सरकार गरीबों की सरकार है। चुनाव के समय जो गारंटी दिए थे उसे वे एक एक करके पूरा कर रहे हैं। 18 लाख आवास की स्वीकृति दी। कौशल साहू ने कहा कि हमारी सरकार ने धान का बकाया बोनस राशि देकर सभी किसान भाइयों के जीवन में मंगलमय खुशहाली ला दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कुशासन का अंत हो चुका है। पिछले पांच साल से रुके हुए विकास कार्य को गति देने का काम हमारी भाजपा सरकार करेगी। किसान, मजदूरों के लिए हर संभव मदद के लिए आगे रहेगा।

# हल्बा-हल्बी समाज ने मनाया शक्ति दिवस



**बालोद।** घीना अर्जुन्दा में अखिल भारतीय हल्बा, हल्बी समाज ग्राम घीना के सामाजिक बन्धुओं द्वारा शक्ति दिवस का आयोजन कर माँ दुर्गा की विशेष पूजा अर्चना कर अपने सामाजिक संगठन को मजबूत करने का संकल्प ध्वज तले लिया गया। ध्वजारोहण कर अपने समाज उत्थान पर संगठन को भली भांति सँवारने का आव्हान समाज के नेतृत्वकर्ताओं ने प्रयास किया। शिक्षा, धार्मिक, समाजिक व रहने संबंधी बात रखे। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शोभा राम चुरेन्द्र थे। अध्यक्षता बिंदु तारम ने किया। विशेष अतिथि बिंझवार तारम, अंकालु, भुआर्य, मन्नालाल डड़सेना, भारत विश्कर्मा, रूपसिंह रावटे, रामसुख आलापुरिया उपस्थित रहे। अंत में समस्त ग्रामवासियों को प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

## खबर संक्षेप



### नेवारीकला स्कूल में मनाया गया ऊर्जा संरक्षण सप्ताह

**बालोद।** शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल नेवारीकला में प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी ऊर्जा संरक्षण सप्ताह मनाया गया। इस अवसर पर ऊर्जा संरक्षण के महत्व पर जागरूकता फैलाने और ऊर्जा दक्षता एवं ऊर्जा संरक्षण में राष्ट्र की उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया। जिला प्रभारी क्रेडा ने बताया कि अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) बालोद द्वारा 14 से 20 दिसम्बर तक शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल नेवारीकला में ऊर्जा संरक्षण सप्ताह मनाया गया। इस अवसर पर बैनर पोस्टर, चित्रकला, स्लोगन, निबंधन लेखन, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं जागरूतकता रैली का आयोजन नेवारीकला में किया गया। बच्चों ने अपने मन के विचारो को ड्राईंग, पेन्टिंग, स्लोगन के माध्यम से कागजों पर उकेरा। सभी प्रतियोगी बच्चों को क्रेडा द्वारा सर्टिफिकेट और पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही विभाग द्वारा बच्चों को ऊर्जा संरक्षण एवं ऊर्जा दक्षता के बारे में विभिन्न जानकारी प्रदान की गई।

### गुंडरदेही में सुशासन दिवस पर हुआ कवि सम्मेलन



**गुण्डरदेही।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर नगर पंचायत गुण्डरदेही द्वारा अटल संध्या कार्यक्रम आयोजित कर विचार गोष्ठी एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागी कवियों ने अटल बिहारी वाजपेई के देश हित में योगदान, राष्ट्रीय सांस्कृतिक विचार देशभक्ति की भावना, छत्तीसगढ़ निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान आदि विषयों पर कविता पाठ किया। इस दौरान केशव राम साहू, थानमल जैन, विजय कुमार टंडन, जलज ताम्रकार, पारस गुजराती, अजीत शिव तिवारी, बृजलाल साहू आदि ने प्रस्तुति दी। पूर्व माध्यमिक शाला बघमरा के छात्रें द्वारा प्रधान पाठक चंद्र सुमन के मार्गदर्शन में रंगोली एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष रानू हेमंत सोनकर, पार्षद शंकर यादव, हरीश निषाद, हरिवंश मिश्रा, रामलाल सिंघाड़े, रमेश सोनी, नम्मू लाल ठाकुर, गोकुल निषाद तथा नगर पंचायत अधिकारी कृपाराम बर्मन, दुष्यंत ठाकुर, उमेश ठाकुर, चमनलाल साहू, मनीष मिश्रा, जागेश्वर यादव, हेमंत देशमुख, संतोष निषाद, सुनील निषाद मनोज कोरे, पूजा साहू व नगरवासी उपस्थित थे।

## सुशासन दिवस : सुशासन दिवस पर किसानों को बोनस वितरित

# भाजपा की सरकार में किसान समृद्ध होगा : देवलाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

भाजपा सरकार में किसान समृद्ध होंगे तथा किसानों के साथ पूरा देश आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान राम जी के मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा के साथ दीपावली मनाएगा तथा घर -घर दीप जलाकर दीप पर्व मनाया जाएगा।

उक्त बातें प्रदेश प्रवक्ता भाजपा देवलाल ठाकुर ने धान बोनस वितरण समारोह में कहीं। मंच पर स्व. अटल बिहारी बाजपेयी के तैल चित्र पर अतिथियों द्वारा पुष्पहार पहना कर तथा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। स्थानीय मंडी प्रांगण में स्व.अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती पर्व पर ब्लॉक स्तरीय अटल सुशासन दिवस के अवसर पर धान बोनस वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश प्रवक्ता भाजपा एवं प्रथम जिला पंचायत अध्यक्ष देवलाल ठाकुर रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला महामंत्री किशोरी साहू ने की। विशिष्ट अतिथि जिला मंत्री भाजपा जयेश ठाकुर, जिलाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा जितेन्द्र साहू, युवा नेता कुँवर लाल निवेंद्र सिंह टेकाम, जिला कार्यकारिणी सदस्य भाजपा जसराज शर्मा, मंडल अध्यक्ष रूपेश सिन्हा तथा



मंडल अध्यक्ष टीनेश्वर बघेल, सांसद प्रतिनिधि एवं मंडल महामंत्री संदीप जैन, सांसद प्रतिनिधि हरीश कटझरे, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य किसान मोर्चा विशाल मोटवानी, जनपद उपाध्यक्ष पोषण बनपेला, जनपद सदस्य शकुन साहू, मंडल महामंत्री दारा सिंह भौसार्य, भाजयुमो नेता पलाश गुप्ता, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष हितेंद्र गायकवाड़, नगर पंचायत के पार्षद सुभद्रा टांडेकर, पार्षद माया जयेश ठाकुर, पार्षद रहिमत कोसमा, पार्षद दसोदा भुआर्य सहित अन्य मंचस्थ रहे। मुख्य अतिथि प्रदेश प्रवक्ता भाजपा देवलाल ठाकुर ने कहा कि भाजपा की सरकार किसानों को समृद्ध बनाने की कार्ययोजना पर काम करती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी के तहत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपनी केबिनेट की बैठक में 18 लाख प्रधानमंत्री आवास देने का निर्णय लिया वहीं दूसरी ओर विगत भाजपा शासनकाल के दौरान 02 वर्ष के बोनस का आज सुशासन दिवस पर भुगतान किया है। प्रदेश की भाजपा सरकार अपने घोषणा पत्र में शामिल सभी घोषणाओं को पूरा करेगी। कार्यक्रम को जिला महामंत्री किशोरी साहू, विशिष्ट अतिथि जिला मंत्री भाजपा जयेश ठाकुर, जिला अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा जितेन्द्र साहू, मंडल अध्यक्ष रूपेश सिन्हा तथा मंडल अध्यक्ष टीनेश्वर बघेल ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में अतिथियों ने किसानों को बोनस भुगतान संबंधी प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

## कचांदुर में किसानों को मिला 2 साल का बोनस

**बालोद।** अटल जयंती सुशासन दिवस के अवसर पर किसानों को गुण्डरदेही के कचांदुर ग्राम में दो वर्ष का बकाया धान बोनस वितरण कार्यक्रम में वैशाली नगर विधायक

■ बोनस वितरण कार्यक्रम में विधायक रिकेश हुए शामिल

रिकेश सेन बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग अंतर्गत कुल 5 शाखाओं से 40 समितियों के माध्यम से वर्ष 2014–15 की राशि 4423.24 लाख एवं वर्ष 2015–16 की राशि 3752.49 लाख सहित कुल 8175.73 लाख रूपये की बोनस राशि का वितरण कार्यक्रम में किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक गुण्डरदेही वीरेंद्र साहू, जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य बालोद संध्या भारद्वाज, सौरभ चोपड़ा, थाना सिंह मंडावी,



खेमलाल साहू, लेखराम साहू सहित बड़ी संख्या में गुण्डरदेही ब्लाक के कृषक और समीपस्थ क्षेत्र के ग्रामीण उपस्थित थे।

विधायक रिकेश सेन ने कहा कि भाजपा सरकार में जो घोषणाएं पूरी हो रही है वो मोदीजी की गारंटी है। किसानों के लिए भाजपा सरकार ने आर्थिक उत्थान के द्वार खोले हैं। पूर्व विधायक वीरेंद्र साहू ने कहा कि किसानों ने इस बार बड़ी संख्या में भाजपा को समर्थन देकर सरकार बनाई है। जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर ने उपस्थित अधिकारियों से मृत हो चुके किसानों के परिजनों की समस्याओं को रखते हुए कहा कि मृत हो चुके किसानों के परिजन परेशान न हों, नॉमनी के नाम पर दस्तावेज तैयार कर उन्हें बोनस राशि प्रदान की जाए, ताकि कोई भी किसान वंचित न हों।

## अंडा में मना सुशासन दिवस किसानों को मिला बोनस



**अंडा।** वृहत्ताकार सहकारी समिति अंडा पंजीयन क्रमांक 295 में छत्तीसगढ़ सरकार सुशासन दिवस व अटल जी जन्मदिवस के शुभ अवसर पर बोनस राशि प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम किसान भाईयों व समिति कर्मचारियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। भाजपा सरकार का दो साल का बोनस बचा था, उसे मोदी की गारंटी पर सभी किसान भाईयों को 25 दिसंबर के किसानों के खाते में पैसा डाला गया। अंडा समिति के कार्यक्रम में चारों गांव अंडा, चिंगरी, जंजगिरी, विनायकपुर के किसान सभी किसान उपस्थित थे। इस अवसर पर गिरधर साहू, मन्नू लाल, दिलीप कुमार, ह्रदय राम साहू , तोपसिंह,बिसाहू राम, विरेंद्र कुमार, रमेश कुमार, घनश्याम,महेंद्र कुमार , लाला, जगतपाल सहित समिति प्रबंधक राजकुमार खोब्रागडे,कर्मचारी उपेन्द्र देशमुख, गुलशन दिल्लीवार, लोकेश्वर दिल्लीवार, नागराज भारती,रामसाय साहू,चन्द्रकांत भोई सहित अन्य किसान भाई व ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## वाजपेयी जी ने जनमानस के लिए कार्य किए

**डौंडीलोहारा।** जनपद पंचायत सभा कक्ष में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न से सम्मानित अटल बिहारी वाजपेयीजी के जन्मदिवस को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत के अध्यक्ष जागृत सोनकर, जनपद उपाध्यक्ष पोषण लाल बनपेला, जनपद सदस्य केजूराम सोनबोइर के आतिथ्य व सीईओ रोशनी भगत टोप्पो की अध्यक्षता में सुशासन दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जनपद अध्यक्ष जागृत सोनकर ने कार्यक्रम में कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी वाजपेयी राष्ट्रहित में कार्य करते थे।

■ सुशासन दिवस पर जनपद में जनप्रतिनिधियों ने पूर्व प्रधानमंत्री की उपलब्धि

कुशल नेतृत्व के नाम से वाजपेयीजी का नाम अग्रणी था। जिस समय मैं आठवीं व नवमी क्लास में पढ़ता था, उस समय समझौता एक्सप्रेस संबंधित लेख अखबार में प्रकाशित हुआ था, जिसका कतरन आज भी मैं संभाल कर रखा हूं। अटल बिहारी वाजपेयी अच्छे कार्य करने वाले विरोधी पार्टी का प्रशंसा करने से भी नहीं चुकते थे। वाजपेयीजी कुशल नेतृत्व के धनी थे, वे पार्टी से ऊपर उठकर जनमानस



के लिए कार्य करते थे। सुशासन दिवस से हमें सीख लेना चाहिए कि किसी से बिना भेदभाव करे अपने कार्य को करते हुए राष्ट्रहित के लिए सोचना चाहिए। राष्ट्रहित सर्वोपरि है। जनपद उपाध्यक्ष पोषण लाल बनपेला ने कहा कि भारत रत्न से सम्मानित पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी अभी हमारे बीच नहीं है, लेकिन इतिहास के पन्नों में अपने नाम को अमर कर गये हैं। इतिहास के पन्नों को जब उलट करके देखते हैं तो उनकी जीवनी व उनकी कार्यशैली हम सबके आंखों के सामने तैरने लगती है। किसी को छोटे-बड़े नहीं बल्कि सबको समान रूप से देखते हुए राष्ट्रहित में कार्य किये हैं। अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचे इसके लिए विशेष योजना बनाते थे और उस योजना को ग्राम के अंतिम छोर तक पहुंचाने का प्रयास करते थे। सुशासन दिवस में अटल बिहारी वाजपेई को याद करते हुए कहा कि देश की हर जनता अटल बिहारी वाजपेयी जी के स्वर्णिम काल को याद करता है और आज सुशासन दिवस में उनके नक्शे कदम में चलने का संकल्प लेते हैं। सीईओ रोशनी भगत टोप्पो जनपद पंचायत डौंडीलोहारा ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर एडिशनल सीईओ जेएल देहारी, लोकनाथ कोसरे, वरिष्ठ करारोपण अधिकारी केआर जामुरिया,राजेंद्र कुमार सोनी, सेवक राम ठाकुर, रामेश्वर राणा, शिवराम टेकामे, एलआर नायक, एसके मरकाम, भागवत कुमार, गौतम सिन्हा, गोपाल प्रसाद तिवारी, एचआर साहू, लोकेश सोनबरसा, ढालेंद्र चंद्राकर, नवीन ठाकुर, नेमीचंद रात्रे, आशीष कुमार देशमुख, कौशल ठाकुर, रजनीश गजभिए, अविनाश साहू सहित जनपद पंचायत के अधिकारी कर्मचारी प्रमुख रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन गौतम सिन्हा व आभार सीईओ रोशनी भगत टोप्पो ने किया।

## डौंडी में किसानों को मिली धान बोनस की राशि



**डौंडी।** सहकारिता विभाग द्वारा डौंडी में विकासखंड स्तरीय धान बोनस वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला महामंत्री देवेन्द्र जायसवाल थे। उक्त अवसर पर उन्होंने कहा कि, भाजपा विधानसभा चुनाव में जो वादा मोदी गारंटी के रूप किया गया था, उस वादे को आज श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिन सुशासन दिवस के अवसर पर निभा रहे हैं। दो साल के रूके हुए बोनस की राशि किसानों को दी जा रही है। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी के तहत छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्यमंत्री का दायित्व संभालते ही विष्णु देव साय ने प्रथम कैबिनेट बैठक में ही किसानों के दो साल के धान बोनस, 18 लाख से अधिक गरीब लोगों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना, महतारी योजना के तहत प्रत्येक विवाहित महिला को प्रति माह 1000 रूपये देने के लिए राशि उपलब्ध कराई। यह स्वागत योग्य है। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जिला पंचायत सदस्य अनिता कमेटी ने की। विशेष अतिथि मंडल अध्यक्ष मनीष झा,नगर पंचायत अध्यक्ष सोमेश सोरी, जनजाति मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र माहला,जिला मंत्री राधिका भरद्वाज,पूर्व मंडल अध्यक्ष छगन यदु, चिखला कसा नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती भीखी मसिया, उपाध्यक्ष अब्दुल इब्राहिम, रूपेश नायक, पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष भरत पटेल, मंडल महामंत्री द्वय टिकेन्द्र साहू, अजय चौहान सहित अनेक जनप्रतिनिधि व सैकड़ों किसान उपस्थित हुए।

## विराट व्यक्तित्व के धनी थे वाजपेयी : शर्मा

**बालोद।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न पंडित अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर भाजपा जिला बालोद कार्यालय में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

जिला भाजपा अध्यक्ष कृष्णकांत पवार ने कहा कि छत्तीसगढ़ के निर्माता, भारतीय जनता पार्टी के पितृ पुरुष श्रद्धेय अटल की जयंती को प्रतिवर्ष सुशासन दिवस के रूप में हमारी पार्टी मनाती आ रही है। उन्होंने कहा कि किसानों के हितैषी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में भाजपा की सरकार ने अटल जी को सच्ची श्रद्धांजलि देते हुए आज छत्तीसगढ़ के किसानों को बोनस की राशि दी है। उन्होंने कहा कि आज उनके बताए रास्ते पर चलकर विश्व की सबसे बड़ी



राजनीतिक दल के रूप में भारतीय जनता पार्टी उभरी है। उनके विचार सदैव हमारा मार्ग प्रशस्त करते रहेंगे। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा ने भारत रत्न पंडित अटल बिहारी वाजपेई के बारे में कहा कि वे एक ऐसे विराट व्यक्तित्व के धनी थे जिनको शब्दों में समेटना किसी के लिए भी संभव नहीं है ,एक महामानव ने अपने विचारों की दृढ़ता को जिया, उनके अनेकों योजनाएं एवं कार्यों का देश हमेशा ऋणी रहेगा। इस अवसर पर जिला महामंत्री किशोरी साहू, जनपद अध्यक्ष प्रेमलता साहू, जिला पंचायत सदस्य कृतिका साहू, अभिषेक शुक्ला, छगन देशमुख, प्रेम साहू, एकांत पवार, सरोजिनी साहू, अश्ववन बारले, विनोद कौशिक, सतानंद साहू, विनोद गिरि गोस्वामी, सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### भाटागांव आर में मनाया गया सुशासन दिवस



**बालोद/कलंगपुर।** गुण्डरदेही मंडल के ग्राम भाटागांव आर शक्ति केंद्र के अटल चौक में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर श्री वाजपेयी के तेल चित्र पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना की गई। उक्त अवसर पर डॉक्टर लक्ष्मीकांत साहू, संयोजक अजय कुमार साहू, भास्कर वर्मा, योगेश शर्मा, दिलेश्वर साहू, पुणारद साहू, मनहरण देवांगन, रुक्मणी साहू, हेमलता साहू, दुष्यंत कुमार साहू, गुरु दयाल ठाकुर, सुशीला साहू, हेमलता साहू, घनश्याम यादव, भागवत ढीमर, मायाराम देवांगन, नेतराम साहू, शाहिद ग्रामीण जन उपस्थित थे।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133



## खबर संक्षेप



### मड़ियाकट्टा में राजयोग अनुभूति शिविर जारी

**डौंडीलोहारा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय डौण्डीलोहारा के तत्वावधान में 7 दिवसीय निःशुल्क राजयोग अनुभूति शिविर एवं शिवज्ञान चित्र प्रदर्शनी का आयोजन वनांचल के ग्राम मड़ियाकट्टा में 24 दिसम्बर रविवार से किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ बहन सीमा मंडावी, सरपंच ग्राम पंचायत मड़ियाकट्टा, ब्रह्माकुमारी चन्द्रलता बहन, कविता बहन एवं ग्राम के गणमान्य नागरिकों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। ब्रह्माकुमारी सीमा दीदी ने बताया कि किसी भी उम्र के भाई-बहन इस शिविर का लाभ उठा सकते हैं। शिविर का समय संध्या 05 बजे से 06बजे तक है।

### शिकसा के सदस्यों ने भूले बिसरे गीतों की प्रस्तुति से बांधा समां



**अंडा।** शिक्षक कला व साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में क्रिसमस डे व प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी बाजपेयी का जन्मदिन के अवसर पर शिकसा भूले बिसरे हिन्दी गीत सदाबहार नगमे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजक डॉ.शिवनारायण देवांगन आस के संयोजन विजय कुमार प्रधान कार्यक्रम प्रभारी की उपस्थिति व टीकाराम सारथी हसमुख प्राचार्य चुरतेली की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना कांति यादव व राजगीत चमेली साहू ने प्रस्तुत कर किया। कार्यक्रम में रामेश्वर प्रसाद आदित्य, अनीता चन्द्रा, चन्द्र कुमार चन्द्रा, लक्ष्मीनारायण क्षत्री, मिथिला जायसवाल, बुधनी अजय प्रधान, भारत माता खटकर, संध्या मौर्य, मनोहर लाल यादव, डॉ.प्रमोद आदित्य, रामकुमार पटेल, पुष्पांजलि ठाकुर, हेमा चन्द्रवंशी, देव प्रसाद पात्रे, शिवकुमार अंगारे, गीता उपाध्याय, हेमराज निषाद, सारिका बनसोडे सोनी, सरोजनी साहू, उषा भट्ट आदि ने पुराने गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन उषा भट्ट व आभार प्रदर्शन डॉ.शिवनारायण देवांगन आस ने किया।

### चूल्हापथरा में क्रिकेट प्रतियोगिता कल से

**गुरूर।** ग्राम चूल्हापथरा में 28 से 31 दिसंबर तक मिनी स्टार क्रिकेट क्लब एवं समस्त ग्रामवासी के तत्वावधान में ग्रामीण स्तरीय टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 5001 रूपए एवं ट्रॉफी, द्वितीय पुरस्कार 3001 रुपए एवं ट्रॉफी, तृतीय पुरस्कार 2001 रूपए एवं ट्रॉफी रखा गया है। समिति से मिली जानकारी के अनुसार पिछले 18 वर्षों से एक ही तिथि पर प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन समिति के अध्यक्ष रोशन लाल साहू, उपाध्यक्ष चेतन दुबे, सचिव गोपाल राम कुल्हारा, सहसचिव लेकेंद्र साहू, उप कप्तान सागर कुल्हारा, कप्तान टिकेश्वर सिन्हा, संरक्षकगण शिवनारायण, धनराज, सन्तोष पुरुषोत्तम, प्रदीप, शंकर का विशेष सहयोग रहेगा।

## कार्यक्रम : सिख गुरू गोविंद सिंह के वीर पुत्रों के सम्मान में मनाया गया वीर बाल दिवस

# देश व धर्म की रक्षा के लिए गुरु गोविंद सिंह के वीर बालकों ने स्वयं का कर दिया बलिदान : सतिंदर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



सिखों के गुरू एवं खालसा पंथ के संस्थापक गुरू गोविंद सिंह के पुत्रों की शहादत को याद कर उनके सम्मान में 26 दिवंबर को वीर बाल दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों साहेबजादा बाबा जोरावर सिंह उम्र 9 वर्ष, बाबा फतेह सिंह उम्र 7 वर्ष की शहादत की स्मृति में पूज्य सिंघ गुरुद्वारा बालोद में पूज्य तख्त साहेब पर अरदास कर रूमाला अर्पण किया। इस दौरान भाई साहब हेमराज जिज्ञासी ने सबकी खुशी, सुख, शांति के लिए अरदास किया।

साहबजादों की वीर गाथा को लेकर सतिंदर पाल (राजा) सलूजा ने बताया कि 319 वर्ष पूर्व सन-1704 में सिख धर्म के दशम पातशाही गुरु गोविंद सिंह ने धर्म और राष्ट्र की रक्षा के लिए मुगलों से महीनों युद्ध किया। इस दौरान बड़े साहिबजादे अजीत सिंह को युद्ध में 319 तीर लगे, फिर भी वे बहादुरी से लड़ते हुए शहीद हुए। सैनिकों ने उनके शव को गुरुद्वारे में लाने को कहा तो गुरु गोविंद सिंह ने कहा कि जैसे सभी सैनिक वीरगति को प्राप्त हुए हैं, वैसे ही उनकी अंत्येष्टि कर दें, क्योंकि मेरा बेटा भी उनमें से एक है। सरसा नदी पार करते हुए दो साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह, बाबा फतेह सिंह माता गुजरी को उनके रसोईये गंगु की गद्दारी के कारण मुगलों ने गिरफ्तार कर लिया। उन्हें बड़ी यातनाएं दी गई, धर्म परिवर्तन के लिए 9 वर्ष और 7 वर्ष के बालकों पर अत्याचार किए गए, पर वे धर्म परिवर्तन के लिए नहीं माने। इस पर उन्हें जिंदा दीवारों में चुनवा दिया गया। फिर भी वे जीवित रहे तो उनका सिर कलम करवा दिया गया। उन्होंने कहा कि देश व धर्म की रक्षा के लिए ऐसे वीर शहादत देने वाले साहबजादों का पूरा देश ऋणी रहेगा। इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा, गोकुल आहुजा, जिला उपाध्यक्ष राकेश छोटू यादव, विनोद कौशिक, अमित चोपड़ा, कमल पनपालिया सहित बड़ी संख्या सिक्ख व सिंधी समाज के लोग उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के प्रभारी राकेश छोटू यादव व विक्रम लालवानी ने आभार व्यक्त किया।

### वीरों की गाथा सुनकर लेनी चाहिए प्रेरणा

जिला भाजपा अध्यक्ष कृष्णकांत पवार ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गत वर्ष 9 नवंबर को प्रकाश पर्व के अवसर पर शहीद हुए वीर बालकों की याद में 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस राष्ट्रीय दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की है। यह वास्तव में उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है। श्री पवार ने कहा कि आज के युवाओं को उनकी गाथा सुननी चाहिए, उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए, तभी देश और धर्म सुरक्षित रहेगा।



## आत्मानंद स्कूल में मना वीर बाल दिवस

**जामगांव आर।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेज़ी हिंदी माध्यम विद्यालय जामगांव आर में वीर बाल दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें सिक्खों के दसवें गुरु गुरु गोविंद सिंह के सुपुत्रों के बलिदान को सादर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर गुरु गोविंद सिंह के छाया चित्र पर माल्यर्पण तथा दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम, चित्रकला, निबंध देश भक्ति, बाँसुरी वादन आदि आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य राजेश पिल्लई ने कहा कि इतने कम उम्र में बाल्यकाल में ही गुरु गोविंद सिंह जी के बच्चों ने देश व धर्म के लिए अपना प्राण का बलिदान कर दिया। हमें उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए और देश के प्रति समर्पित रहना चाहिए। कार्यक्रम में रुपेश साहू, संकुल समन्वयक राजेंद्र नाग, एमन पाटकर एवं अन्य शिक्षक के साथ बच्चे उपस्थित थे।

## घीना में मनाया गया वीर बाल दिवस



**बालोद।** घीना में वीर बाल दिवस का आयोजन किया गया। गुरु गोविन्द सिंह के सुपुत्रों द्वारा मातृ–भूमि के लिए बलिदान की याद में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। रूपसिंह रावटे ने बताया कि इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य एमएल ठाकुर ने कहा कि देश के सभी बच्चे अपने राष्ट्र के लिए समर्पण का भाव रखें। अंत में प्रसाद वितरण के साथ सभा की समाप्ति की गई। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता एलके तारेंद्र ने किया।

## वीर बाल दिवस पर हुई रंगोली व निबंध प्रतियोगिता

**डौंडीलोहारा।** नगर के शासकीय बालक उच्चतर माध्यिक विद्यालय में वीर बाल दिवस शहादत के उपलक्ष्य में रंगोली तथा निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा 11वीं और 12वीं के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर रंगोली में लोकांछा साहू प्रथम, द्वितीय निहारिका सिन्हा रही।

इसी प्रकार निबंध में तेज प्रकाश प्रथम तथा पुष्कर द्वितीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम प्रभारी एनुका शार्वा ने विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए साहिबजादे कौन थे, उनका क्या बलिदान था, बच्चों को अवगत कराया। दशम गुरु गोबिंद सिंह जी के चार पुत्रों के सर्वोच्च बलिदान एवं अदम्य साहस की स्मृति में 20 से 27 दिसंबर तक 'साहिबजादों का बलिदान दिवस' मनाया जाता है। इस्लामिक आक्रमणकारियों के विरुद्ध युद्ध में वीरता दिखाने वाले चारों साहिबजादों ने देश व धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी थी। दो साहिबजादों को आक्रांताओं ने दीवार में जीवित ही चुनवा दिया था, लेकिन इन योद्धाओं ने सनातन संस्कृति को त्यागना स्वीकार नहीं किया।

उन्होंने कहा कि बच्चे वीर बालकों के त्याग को समझें और आत्मसात करें इसी उद्देश्य से विभिन्न आयोजन कराए जाते हैं। प्रभारी प्राचार्य एलके ठाकुर ने सभी बच्चों को साहिबजादों के चरित्र को अपने जीवन में उतारने की सलाह दी गई।

## डौंडीलोहारा में मनाया गया वीर बाल दिवस



**डौंडीलोहारा।** नगर के हृदय स्थल पुराना बस स्टैंड में मंगलवार को वीर बाल दिवस का आयोजन किया गया। वीर जोरावर सिंह और वीर फतेह सिंह के शहादत पर उनके शौर्य वीरता, त्याग और धर्म निष्ठा को याद किया गया। इस दौरान नगर के प्रमुख भाजपाइयों द्वारा नगर में हो रहे शक्ति दिवस पर जुलूस के रूप में मुख्य मार्ग से गुजर रहे समाज के लोगों को बिस्कुट का वितरण किया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता नरेंद्र जैन, तुकाराम सिंन्हा, धन्नुराम यादव, नोमन सोनबोईर, दिलीप बाफना, भगवानी निषाद, राजाराम निषाद, शिवदयाल साहू जी कसही, उदे राम रजक, लोकेश कुमार यादव, रवि तामुरिया, मनीष राजपूत, ललित साहू, पूर्व युवा मोर्चा अध्यक्ष प्यारेलाल निषाद और पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रेम भंसाली भी अपनी टीम के साथ उपस्थित रहे। इस आयोजन को प्रमुख रूप से सफल बनाने में युवा भाजपा कार्यकर्ता, धर्मेंद्र निषाद धीरज जैन आदि का सहयोग रहा।

## शासकीय शहीद कौशल यादव कालेज में वीर बाल दिवस पर हुईं विविध स्पर्धाएं



**गुण्डरदेही।** शासकीय शहीद कौशल यादव महाविद्यालय गुण्डरदेही में दसवें सिख गुरू गोविन्द सिंह के पुत्रों साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की शहादत की स्मृति में 26 दिसंबर मंगलवार को ''वीर बाल दिवस'' के रूप में मनाया गया। वीर बाल दिवस मनाने का प्रमुख उद्देश्य बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करना है। सहायक प्राध्यापक डॉ आशीष कुमार भुई ने वीर बालकों की शहादत एवं वीरता को याद करने के लिए प्रेरित किया। उनके बलिदान के संबंध में छात्र–छात्राओं को अवगत कराने के लिए महाविद्यालय में भाषण, निबंध एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.डीआर मेश्राम ने छात्र–छात्राओं के कार्य की सराहना की तथा सफल संचालन के लिए महाविद्यालय परिवार का आभार व्यक्त किया।

## वीर बाल दिवस पर चिखली में लगाई गई प्रदर्शनी

**दल्लीराजहरा।** वीर बाल दिवस पर रेडक्रास द्वारा चार साहिबजादे के शहादत दिवस पर डौंडी ब्लॉक के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिखली में प्रदर्शनी लगाई गई, ताकि लोग आज के दिन को जान पाएं कि जोरावर सिंह व फतेह सिंह कौन थे। जिला संगठक रेडक्रास चंद्रशेखर पवार ने बताया कि आज 26 दिसंबर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल के बाद से यह दिन वीर बाल दिवस के तौर पर मनाया जाता है। यह दिन समर्पित है गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों को। इन्होंने धर्म के लिए खुद को बलिदान कर दिया, लेकिन बर्बर मुगलों के सामने घुटने नहीं टेके।



गुरु गोविंद सिंह के बेटों फतेह सिंह और जोरावर सिंह को मुगलिया फौज के सेनापति वजीर खान ने दीवार में जिंदा चुनवा दिया था, लेकिन उनके मुँह से उफ तक नहीं निकली। माता गुजरी देवी और चार साहिबजादों में जिन्होंने 'खालसा पंथ' की स्थापना की। सिखों के 10वें गुरु गोविंद सिंह न सिर्फ एक संत एवं दार्शनिक, बल्कि एक कुशल योद्धा भी थे। उन्होंने बर्बर मुगल बादशाह औरंगजेब के विरुद्ध कई युद्ध लड़े। उनके पिता गुरु तेग बहादुर की औरंगजेब ने ही हत्या करवाई थी। उसके बाद मात्र 9 वर्ष की उम्र में गोविंद सिंह को गुरु की पदवी सँभाली थी।

जिला खेल समन्वयक सपन जेना ने बताया कि गुरु के पीछे औरंगजेब ने वजीर खान को लगाया। औरंगजेब ने गुरु गोविंद सिंह मुकाबला करने के लिए उनके पीछे वजीर खान को लगाया था। उसे सरहिंद का सूबेदार बना कर भेजा गया और सिखों का दमन की खुली छूट दी गई। गुरु गोविंद सिंह को उसके साथ कई युद्ध लड़ने पड़े। सतलुज से लेकर यमुना नदी के बीच के पूरे क्षेत्र पर वजीर खान का ही शासन चलता था। उसने गुरु गोविंद सिंह के 5 और 8 वर्षीय बेटों साहिबजादा फ़तेह सिंह और साहिबजादा जोरावर सिंह को ज़िंदा पकड़ लिया था। इस्लाम न अपनाने पर उसने दोनों को ही दीवार में ज़िंदा चुनवा दिया। जिला शिक्षा अधिकारी बालोद केपी मुकुल साव के नेतृत्व में यह प्रदर्शनी लगाया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला संगठक रेडक्रास चंद्रशेखर पवार, जिला खेल समन्वयक सपन जेना, व जगप्रीत सिंह संधु का सहयोग प्राप्त हुआ।

## एनएसएस के स्वयंसेवकों ने पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**अंडा।** शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुंदा के राष्ट्रीय सेवा इकाई द्वारा नशा मुक्त समाज के लिए युवा थीम पर ग्राम पंचायत गुरेदा में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया है। जिसके चतुर्थ दिवस के दिन स्वयंसेवको ने ग्राम के विभिन्न स्थानों की साफ-सफाई एवं साइबर क्राइम पर नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया गया। और चबूतरा निर्माण



चौक चौराहों की की पुताई किया गया। उसके बाद स्वयंसेवकों द्वारा भोजन के समय नवाचार का प्रयोग करते हुए स्वयंसेवकों ने केले पर भोजन खाकर प्लास्टिक मुक्त और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। बौद्धिक परिचर्चा सत्र में मुख्य वक्ता के रूप सीमा सोनी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद, वरिष्ठ स्वयंसेविका कल्पना बम्बोड़े, मनीषा राणा, देवेन्द्र वरिष्ठ स्वयंसेवक चन्द्रा कुमार देवांगन, दुर्गेश, राकेश कुमार एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रदीप कुमार प्रजापति उपस्थित रहे।




## यादव समाज ने मनाई गीता जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



समीप के ग्राम गैंजी में यादव समाज द्वारा गीता जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक अनिला भेड़िया थीं। जनपद सदस्य राजाराम तारम विशेष अतिथि थे। समस्त यादव बंधुओं ने लाठी और खुमरी तथा गाजे बाजे के साथ शानदार तरीके से अतिथियों का स्वागत किया।

उक्त अवसर पर विधायक कहा कि यादवों ने जो ये गीता जयंती पर्व का आयोजन किया, वो काबिले तारीफ है। उन्होंने कहा कि यह पर्व सिर्फ उनका ही नहीं अपितु राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी इस महाग्रंथ का सम्मान किया जाता है। साथ में सभी महिला वर्ग के लिए भी एक विशेष बात कही कि जब एक महिला विधानसभा के लिए आगे आ सकती है तो आप सभी भी अपने समाज के क्रियान्वयन के लिए आगे आ सकती हैं। ग्रामवासियों और यादव बंधुओं की मांग पर श्रीमती भेड़िया ने यादव समाज के लिए सर्किल स्तर और ग्राम स्तर पर यादव भवन बनाने की घोषणा की। कार्यक्रम के दौरान श्रीमती भेड़िया ने तीसरी बार विधायक चुने जाने के लिए क्षेत्र के सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में जिला यादव महासभा अध्यक्ष चंद्रहास यादव, सचिव रूपलाल यादव, सर्किल अध्यक्ष सुरेश यादव, सचिव श्रवण यादव, ग्राम प्रमुख चंदूलाल यादव तथा क्षेत्र में हजारों की संख्या में यादव बंधु व बहनें भी शामिल हुईं। कार्यक्रम में विशेषकर ग्राम गैंजी के समस्त ग्रामवासियों, समस्त वर्ग के परिवारों का भरपूर सहयोग मिला। इसके लिए हम सभी यादव बंधुओं ने आभार व्यक्त किया।

